तीन दिनी आयोजन से निकलेगा समाधान

वाराणसी। उद्योग, उद्यमी और समाज को तकनीकी और समाधान करने उतरा आईआईटी बीएचयू। इसके लिए निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार जैन की ओर से पहल की गयी है। इसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्था बीएचयू ने तीन दिवसीय संस्थान, उद्योग, समाज के संगम के लिए एक संवाद कार्यक्रम का किया है। आयोजन 31 अगस्त से 2 सितंबर 2018 तक चलेगा। इसके तहत उद्यमियों और समाज की जरूरतों पर विचार किया जाएगा। जिसकी संवाद श्रृंखला प्रथम श्रृंखला होगी, इसके परिणामों के विश्लेषण के बाद द्वितीय श्रृंखला में समाधान और निवारण के लिए कोशिश होगी।

यह बातें आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार जैन ने कही। वह

कार्यक्रम

प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू का आयोजन

संस्थान-उद्यम-समाज समागम-2018

बुधवार को अपराह्न 1 बजे से मीडिया से मुखातिब होकर अपनी तैयारियां साझा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शिक्षा, ज्ञान, संसाधन और अनुसंधान को आम जरूरत मंद समाज और उद्योग को देना है जो अब तक नहीं हो सका था। इसके तहत आयोजित कार्यक्रम श्रृंखला में 31 अगस्त को सुबह 10.30 से 2 बजे तक कुटीर उद्योग हैंडीक्राफ्ट एवं कृषि उत्पाद इकाइयों की समस्याओं और कठिनाईयों पर संवाद स्थापित होगा। 1 सितंबर की शाम 5 से 8 बजे लघु एवं मध्यम उद्योग उद्योग के संचालक उद्यमियों से उनकी समस्या पूछी जाएगी। 2 सितंबर को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे सामाजिक एवं गैर सरकारी संगठनों से संवाद स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो.पीके मिश्रा ने बताया कि इससे मिले फीड बैक का अध्ययन कर समाधान के लिए विशेषज्ञों के साथ सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग की समस्या समाधान बताया जाएगा। इसके साथ ही बनारसी साड़ी, कालीन उद्योग, मोती, मीनाकारी, जरदोजी, लकड़ी के खिलौने, कागज, प्लास्टिक, खाद्य प्रसंस्करण,मशीन औजार और हैंडिक्राफ्ट के कारोबार की समस्याओं को दूर किया जाएगा।



मीडिया से बात करते आईआईटी निदेशक प्रो.पीके जैन और प्रो.पीके मिश्रा

जनसंदेश टाइम्स – 30.08.2018